# लोक सूचना

RNI.70085/1997 Digital Edition Email-loksuchananews@gmail.com

वर्षः 26 अंकः 314 जोधपुर, शनिवार 12 जुलाई 2025 पृष्ठ 04 मूल्य - 05 / रुपये प्रति कॉपी


# महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश-राहुल

## इलेक्शन कमीशन भाजपा का काम कर रहा, कहा- अडाणी ओडिशा सरकार चला रहे

लोक सूचना

**नईदिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को ओडिशा में कहा- महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोट चुराने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए इलेक्शन कमीशन ने नई साजिश शुरू की है। वह भाजपा के हिस्से का काम कर रहा है। अपना काम नहीं कर रहा है। राहुल ने आगे कहा- महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा के बीच में 1 करोड़ नए वोटर आ गए। आज तक पता नहीं चल पाया कि ये वोटर्स कहां से आए। हमने इलेक्शन कमीशन से कई बार कहा कि आप हमें वोटर लिस्ट, वीडियोग्राफी दीजिए। उन्होंने नहीं दिया।

हम इलेक्शन कमीशन और भाजपा को बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने देंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद पहली बार दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित होने वाली संविधान बचाओ समावेश सभा को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ मौजूद रहे। भाजपा



सरकार गरीबों को पैरा चुरा रही- सरकार ओडिशा की गरीब जनता का पैसा चुराने का काम करती है। एक तरफ ओडिशा की गरीब जनता दलित, आदिवासी, कमजोर, किसान और मजदूर है और दूसरी ओर 5-6 अरबपति और भाजपा सरकार। इस लड़ाई में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता ही ओडिशा की जनता के साथ मिलकर जीत सकता है। भाजपा पूरे देश में संविधान पर आक्रमण कर रही है। कंपनियों को पैसा दिया जा रहा- ओडिशा में ये (भाजपा) 5-6 बड़ी कंपनियों को आपका सारा धन दे रहे हैं। जल, जंगल और जमीन आदिवासियों की है और आदिवासियों की ही रहेगी। आदिवासियों को बिना पूछे जमीन से हटा दिया जाता है। ये सभी चीजें उनकी है।

### 27 मार्च-कांग्रेस ने 14 विधायकों के निलंबन का विरोध किया था

**ओडिशा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं पर 27 मार्च को पुलिस ने लाठियां बरसाई और वाटर कैनन चलाई। दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। कांग्रेस 14 स्रके निलंबन का विरोध कर रही थी। 25 मार्च को कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। इसके बावजूद विधायक प्रदर्शन करते रहे और पूरी रात सदन में बिताई। विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। अगले दिन यानी 26 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता और निलंबित विधायक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते रहे। वे विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई। सदन के भीतर कांग्रेस के बचे हुए दो विधायकों तारा प्रसाद बाहिनीपति और रमेश जेना ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया। दोनों सदन की वेल में आकर प्रदर्शन कर रहे थे इसलिए उन्हें भी निलंबित कर दिया गया था।**

# यहां मोदी नहीं पढ़ाया जाएगा-डोटासरा

लोक सूचना

**नईदिल्ली।** पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पर तंज कसते हुए कहा- किताबों में आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत का इतिहास 11वीं, 12वीं के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। राजस्थान के वीर सेनानी, गौरव सेनानियों की वीर गाथा यहां का इतिहास है, वह छठी, सातवीं, आठवीं में लागू किया था। पाठ्यक्रम बनाने की समिति होती है और समिति सरकार द्वारा गठित की जाती है। समिति जो अभिशंषा करती है उसे पुस्तकों का लेखन कराया जाता है। मैं समझता हूं कि वह बिल्कुल सही तरीके से कराया गया है और बच्चों को आजादी के बाद में किस तरीके से आज तक के भारत का निर्माण कैसे हुआ, क्या-क्या संसाधन, किस-किस का क्या-क्या योगदान रहा वो सारी चीजें पढ़ाई जा रही है। चाहे वह अटल बिहारी वाजपेई, मोरारजी देसाई, मनमोहन सिंह, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी या फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योगदान ही क्यों न हो सबका दिखाया गया है। इनको तो केवल आरएसएस की विचारधारा बच्चों में थोपने का काम करना है। इस चीज के अलावा इनका नए भारत या स्वर्णिम भारत से कोई लेना देना नहीं है। और न ही इनका कोई आजादी में योगदान रहा। इसलिए यह क्या किताबें लिखाएंगे और क्या करेंगे।

# गर्ल्स-सैनिक-स्कूल के लिए दी 108 करोड़ की प्रॉपर्टी

## बीकानेर में पाकिस्तान बॉर्डर के पास बनेगा, 2026 से शुरू होंगे एडमिशन

लोक सूचना

**बीकानेर।** राजस्थान का पहला गर्ल्स सैनिक स्कूल शुरू होने जा रहा है। बीकानेर मूल के कोलकात्ता बेस्ड बिजनेसमैन पूनमचंद राठी ने स्कूल के लिए 108 करोड़ की प्रॉपर्टी दान की है। स्कूल का पहला सत्र साल 2026 में शुरू होने की संभावना है। इसके लिए देशभर से एग्जाम के जरिए बेटियों का सिलेक्शन किया जाएगा। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से करीब 150 किलोमीटर दूर जयमलसर गांव में ये स्कूल होगा। इसमें एडमिशन अगले साल से शुरू होंगे। शुक्रवार को एक विशेष समारोह में स्कूल के लिए दान



की गई जमीन और बिल्डिंग के डॉक्यूमेंट्स सौंपने का औपचारिक कार्यक्रम होगा। इसमें केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी मौजूद रहेंगे। रामनारायण राठी परिवार बीकानेर के जयमलसर से ही संबंध रखता है। कोलकात्ता बेस्ड बिजनेस वाली इस फैमिली की गिनती बड़े बिजनेस घरानों में होती है। फैमिली का टेक्सटाइल और कंस्ट्रक्शन का बिजनेस है। बिजनेस के साथ फैमिली सोशल कार्यों में भी एक्टिव है। विशेषकर बीकानेर जिले में फैमिली की ट्रस्ट ने हॉस्पिटल वार्ड, धर्मशाला, स्कूल की बिल्डिंग सहित कई निर्माण कार्य करवाए हैं। ट्रस्ट के संचालक पूनमचंद राठी ने बताया कि उन्होंने अपने माता-पिता की याद में ये बिल्डिंग और जमीन सरकार को दान में दी है। सैनिक स्कूल में एडमिशन के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास करना होगा। जो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी आयोजित करती है। कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए ये परीक्षा होती है।

# इंटरनेशनल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की पिता ने की हत्या

लोक सूचना

**हरियाणा।** गुरुग्राम में जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव की उसके ही पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना गुरुवार की है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि राधिका टेनिस एकेडमी चलाती थीं, उससे अच्छी कमाई हो रही थी। उसके पिता को लोग ताने मारते थे कि बेटी की कमाई खा रहा है। इससे वह नाराज था। परिजन के मुताबिक 25 साल की राधिका को टेनिस एकेडमी खोलने के लिए पिता ने ही सवा करोड़ रुपए दिए थे। लेकिन महीनेभर बाद ही एकेडमी बंद करने के लिए बेटी पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। परिवार से यह भी पता चला कि एकेडमी को लेकर 15 दिन से बाप-बेटी में रोजाना झगड़ा हो रहा था। गुरुवार को भी पिता ने उसे टेनिस एकेडमी बंद करने को कहा, लेकिन राधिका नहीं मानी और दोनों में बहस हुई। जिसके बाद आरोपी पिता ने गुस्से में आकर उसे गोलियां मार दीं। हालांकि, पहले सोशल मीडिया पर रील बनाने को लेकर हत्या करने की बात सामने आई थी, लेकिन पुलिस ने इससे इनकार किया है। पुलिस ने आरोपी पिता को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।

## संपादकीय

### हिमालय में बढ़ रहा भूस्खलन का खतरा

अभी तो बरसात शुरू हुई है, लेकिन उत्तराखंड में पहाड़ों के रौद्र रूप से वहां कई जगह जीवन थम गया। चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग आदि में बरसात के साथ पहाड़ लुढ़क रहे हैं। चार धाम यात्रा का मार्ग बार-बार पत्थर-पहाड़ गिरने से बाधित हो रहा है। जोशीमठ जैसे कस्बों पर धंसने का संकट नए सिरे से खड़ा हो गया है। सरकार की चिंता है कि भू विज्ञानियों ने जो इलाके नए भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के रूप में चिह्नित किए हैं, वहां सड़क, बिजली, रेल जैसी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। चारधाम यात्रा रूट पर भूस्खलन जोन सिरदर्द बनते जा रहे हैं। ऋषिकेश से बदरीनाथ यात्रा रूट पर कुल 54 लैंडस्लाइड जोन हैं। यहां कई बार भूस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। बेहतर सड़कों, सुविधाओं के कारण यहां भीड़ आ रही है, जो और बढ़ती रहेगी। उत्तराखंड जैसी स्थिति हिमाचल प्रदेश की भी है। हाल में मंडी में भूस्खलन की खौफनाक घटनाएं सामने आईं। एक तरफ प्रधानमंत्री का '10 सूत्रीय डिजास्टर रिस्क रिडक्शन' अर्थात आपदा में न्यूनतम जोखिम कार्यक्रम है तो दूसरी तरफ हिमालय की गोद में बसे पर्वतीय प्रदेशों में मूलभूत ढांचे का निर्माण है। उत्तराखंड की आबादी करीब सवा करोड़ है, लेकिन यहां तीर्थ और पर्यटन के लिए आने वालों की संख्या बहुत है। फिर यह चीन जैसे धूर्त और शत्रु देश से लगी सीमा का प्रांत है। ऐसे में बेहतर सड़क और यातायात तंत्र अनिवार्य है, लेकिन जब ऐसे विकास के कारण प्रकृति पर ही संकट खड़ा हो जाए तो पुनर्विचार करना ही होगा। इस बात को सरकार और समाज, दोनों को गंभीरता से लेना होगा कि जलवायु परिवर्तन का सर्वाधिक असर हिमालय पर्वत पर है और इसी के चलते उत्तराखंड विकट चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसी चुनौतियों से हिमाचल भी दो-चार होता दिख रहा है। संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र, अप्रत्याशित मौसम और बादल फटने, भूस्खलन, अचानक बाढ़ और ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट की बढ़ती घटनाएं उत्तराखंड को असुरक्षित बना रही है। बाढ़, भूस्खलन, अतिवृष्टि और वनाग्नि जैसी प्राकृतिक आपदाओं से राज्य को हर साल जन-धन की काफी हानि हो रही है। हर साल राज्य के बजट का बड़ा हिस्सा आपदाओं से नष्ट संरचनाओं को दुरुस्त करने में ही व्यर्थ जाता है।

# भारत के लिए चीन-पाक गठजोड़ की चुनौतियां

**लोक सूचना**

आपरेशन सिंदूर के दौरान जब भारतीय सैन्य बल पाकिस्तान को सबक सिखाने में जुटे हुए थे तो चीन की ओर से उसे पूरी मदद मिल रही थी। केवल सैन्य स्तर पर ही नहीं, बल्कि पाकिस्तानी प्रोपेगंडा को आगे बढ़ाने में भी चीनी मीडिया पुरजोर प्रयासों में लगा था। इसमें एक कारण उन चीनी हथियारों की कथित सफलता को रेखांकित करना भी था, जिनका इस्तेमाल पाकिस्तानी सेना कर रही थी। पाकिस्तान को चीन के हथियारों से लेकर तकनीकी समर्थन का बढ़ता सिलसिला भारत की चुनौतियां बढ़ाने वाला है। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने हाल में चीन-पाकिस्तान की इस दुरभिसंधि के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए ड्रोन के अलावा साइबर आपरेशन और नेटवर्क आधारित वारफेयर एलिमेंट्स पर चीनी सैन्य प्रतिष्ठान की छाप दिखी। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी आइएसआर सिस्टम ने पाकिस्तानी सैन्य बलों को रियल टाइम डाटा, वस्तुस्थिति से जुड़ी जानकारियां और निगरानी क्षमताएं भी उपलब्ध कराईं। यहां तक कि मछली पकड़ने वाले चीनी बेड़े का इस्तेमाल भी भारतीय नौसेना पर नजर रखने के लिए किया गया, जबकि पाकिस्तानी नौसेना अपने तटों तक ही सीमित रही। जब सैन्य अभियान महानिदेशक यानी डीजीएमओ स्तर पर वार्ता जारी थी तो पाकिस्तान की ओर से कहा गया कि हमें पता है कि आपके सैन्य संसाधन कहां, कितनी मात्रा में लगे हुए हुए हैं, इसलिए अनुरोध है कि उन्हें हटा लिया जाए। यह दर्शाता है कि पाकिस्तान के पास भारतीय सैन्य तैनाती से जुड़ी काफी सूचनाएं थीं, जो उसे किसी और से नहीं, बल्कि चीन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही थीं। आपरेशन सिंदूर चीनी रक्षा उद्योग के लिए अपनी क्षमताओं के परीक्षण का भी एक पड़ाव बना, जिसमें वास्तविक युद्ध की स्थिति में उसके उपकरणों की परख होनी थी। बीते पांच साल में पाकिस्तान द्वारा खरीदे गए रक्षा उपकरणों में करीब 81 प्रतिशत चीन से लिए गए। इस तरह चीन ने पाकिस्तान को अपनी प्रयोगशाला के रूप में इस्तेमाल किया, जिसमें उसके हथियारों का अन्य हथियार प्रणालियों के आगे प्रदर्शन दिख जाए। इससे सबक लेकर चीन अपनी रक्षा प्रणालियों को उन्नत बनाएगा, जिसका लाभ अंततः पाकिस्तान जैसे खरीदारों को ही मिलेगा। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों पर जूझना पड़ रहा था। पाकिस्तान से तो सीधा मुकाबला था ही, चीन से हरसंभव सहयोग के अलावा तुर्किये से उसे ड्रोन एवं प्रशिक्षित कर्मियों के जरिये भी मदद मिली। हाल के वर्षों में चीन ने पाकिस्तान का लगभग हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर बचाव करते हुए उसे आधुनिक मिसाइलें और परमाणु तकनीक उपलब्ध कराई है। आपरेशन सिंदूर के दौरान तमाम हथियार प्रणालियों के अलावा चीनी बायडू नेविगेशन सिस्टम ने भी पाकिस्तान को बड़ी मदद पहुंचाई। इसमें पीएल-15 के लिए मिसाइल गाइडेंस जैसी सुविधा भी शामिल रही। यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी सामरिक संचालन में चीनी प्रणालियों का सीधा जुड़ाव बढ़ रहा है।

कुछ रिपोर्ट यह इशारा भी करती हैं कि स्वीडिश साब 2000 एरिये एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यूएंडसी) प्लेटफार्म की चीनी सिस्टम के साथ जुगलबंदी के जरिये भारतीय विमानों को निशाना बनाया गया। स्पष्ट है कि अलग-अलग स्रोतों वाली प्रणालियों को भी चीनी तकनीक के साथ जोड़कर उनका उपयोग किया जा रहा है। पाकिस्तान को पांचवीं पीढ़ी के जे-37 चीनी लड़ाकू विमान भी मिलने वाले हैं। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपैक के अंतर्गत भी चीन ने ग्वादर जैसे बंदरगाह के अलावा सामरिक महत्व का दूसरा इन्फ्रास्ट्रक्चर भी पाकिस्तान में विकसित किया है।

# बिजनेस एण्ड इकोनॉमी

## चांदी 1,10,290 के ऑल टाइम हाई पर

**लोक सूचना**

चांदी की कीमत शुक्रवार (11 जुलाई) को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपए बढ़कर 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपए पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 465 रुपए महंगा होकर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोने का दाम 97,046 रुपए प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने ?99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट



सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,882 रुपए बढ़कर 97,046 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 21,917 रुपए बढ़कर 1,07,934 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ॥छ्ठ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है-ी4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

## डी-मार्ट को पहली-तिमाही में 773 करोड़ का मुनाफा

**लोक सूचना**

रिटेल चेन डी-मार्ट को ऑपरेट करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 773 करोड़ रुपए का मुनाफा (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह फ्लैट रहा। पिछले साल की समान तिमाही में भी कंपनी को 773 करोड़ का ही मुनाफा हुआ था। अप्रैल-जून तिमाही में डी-मार्ट ने ऑपरेशन से 16,360 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया, सालाना आधार पर यह 16.28त्न बढ़ा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 14,069 करोड़ रहा था। वस्तुओं और सेवाओं के बेचने से मिलने वाला पैसा रेवेन्यू या राजस्व होता है। नतीजे जारी करने से पहले शुक्रवार 11 जुलाई को एवेन्यू सुपरमार्ट (डी-मार्ट) का शेयर 2.40त्न गिरकर 4,069 के स्तर पर बंद हुआ। कंपनी का शेयर 5 दिन में 5त्न, एक महीने में 1त्न और एक साल में 17त्न गिरा है। हालांकि, बीते 6 में यह 16त्न और इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 14त्न का रिटर्न दिया है। सुपरमार्केट चेन डी-मार्ट के फाउंडर राधाकिशन दमानी हैं। उन्होंने डी-मार्ट की शुरुआत 2002 में मुंबई के पवई इलाके से की थी। यहां उन्होंने डी-मार्ट का पहला स्टोर ओपन किया था। 1999 में दमानी ने नई मुंबई के नेरुल में अपना बाजार की एक फ्रेंचाइजी की शुरुआत की थी।

# जयपुर-हैदराबाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

## ऐन वक्त पर आया फॉल्ट, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 100 उड़ानें कैंसिल हुईं

लोक सूचना

**जयपुर।** एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से हैदराबाद फ्लाइट को गुरुवार को तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दिया गया। विमान 24 घंटे से ज्यादा समय से जयपुर एयरपोर्ट पर अटका है। इंजीनियर्स अब तक तकनीकी खराबी को ठीक नहीं कर सके हैं। दरअसल, एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ढ्ढ॥ - 2872 गुरुवार दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर जयपुर से




हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाली थी, लेकिन एअर इंडिया एक्सप्रेस ने संचालन कारणों का हवाला देकर आखिरी वक्त पर फ्लाइट को रद्द करने का फैसला किया था। इसके बाद पैसेंजर को परेशान होना पड़ा। प्लेन में कुल 175 यात्री सवार थे। जयपुर एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों के अनुसार एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ढ्ढ॥-2872 में तकनीकी खराबी आई थी। जो टेक-ऑफ से ठीक पहले पायलट को पता चली थी। इसे देख उन्होंने फ्लाइट रद्द करने का फैसला किया था। इसके बाद एयरलाइन कंपनी के इंजीनियर्स ने फ्लाइट की तकनीकी खराबी को ठीक करने की कोशिश की। 24 घंटे बाद भी तकनीकी खराबी को ठीक करने में सफल नहीं हो ।

# चोरी के आरोपी को दोषी मानकर सुनाई सजा

लोक सूचना

**सवाई माधोपुर।** कोर्ट ने एक पुराने चोरी के मामले का निस्तारण करते हुए एक आरोपी को दोषी मानकर सजा सुनाई है। कोर्ट ने घर में घुसकर चोरी करने का बंटी जोशी (28) पुत्र रामहरि जोशी निवासी जोशी मोहल्ला शहर सवाई माधोपुर को दोषी माना है। कोर्ट ने दोषी को एक-एक साल का साधारण कारावास और एक-एक हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है। भरतलाल मीणा, लोक अभियोजक ने बताया कि हनुमान गौड़ ने पुलिस थाना कोतवाली सवाई माधोपुर में एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 8 मई 2016 से ससुराल में शादी समारोह में शामिल होने गया था। इस दौरान 11 मई 2016 को सुबह उसके पास फोन आया कि तुम्हारे घर पर चोरी हो गई है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस ने जांच कर आरोपी बंटी जोशी के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। जिसमें ट्रायल के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से दोनों पक्षों की दलीलें सुनी।

# युवक ने थाने में फंदा लगाकर किया सुसाइड

लोक सूचना

**भरतपुर।** शुक्रवार सुबह पुलिस कस्टडी में युवक ने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप था। वह पॉक्सो के मामले में तीन दिन से उद्योग नगर थाने में बंद था। युवक के परिजन ने पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों ने थाने के सामने पुलिस की बैरिकेडिंग लगाकर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझाइश कर जाम को खुलवा दिया। पुलिस ने शव को आरबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। शव को शिफ्ट करने के दौरान मृतक के परिजनों ने पुलिस की गाड़ी रोकने की कोशिश की। परिजन थाने के बाहर धरने पर बैठे हैं। पुलिस परिजनों को समझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस जब शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवा रही थी, तब मृतक के परिजनों ने पुलिस की गाड़ी रोकने की कोशिश की। पुलिस जब शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवा रही थी, तब मृतक के परिजनों ने पुलिस की गाड़ी रोकने की कोशिश की। युवक के बड़े भाई लोकेश उर्फ भोला (30) ने बताया कि मेरा छोटा भाई गब्बर उर्फ बंटी (22) 8 जुलाई को 16 साल की नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गया था।

# सावन के पहले दिन शिव मंदिर पहुंचीं उपमुख्यमंत्री

लोक सूचना

**जयपुर।** श्रावण मास की शुरुआत पर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जल और दुग्ध से अभिषेक किया। मंदिर में सुबह से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंज रही थी। दीया कुमारी ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की। उन्होंने जलकलश से शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया। इसके बाद आरती भी की। पूजा में कई महिलाएं और कन्याएं भी शामिल हुईं। मंदिर में फूलों की सुगंध, धूप-दीप की लौ और घंटियों की मधुर ध्वनि से



आध्यात्मिक माहौल बना। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश के लिए महादेव से आशीर्वाद मांगा। दीया कुमारी ने कहा कि सावन का महीना आत्मिक ऊर्जा और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और शांति की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को सावन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि यह समय भक्ति के साथ आत्मनिरीक्षण और परोपकार का भी है। श्रावण मास की शुरुआत पर शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी पैलेस स्थित राजराजेश्वर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव का जल और दुग्ध से अभिषेक किया। मंदिर में सुबह से वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंज रही थी। दीया कुमारी ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की। उन्होंने जलकलश से शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया। इसके बाद आरती भी की। पूजा में कई महिलाएं और कन्याएं भी शामिल हुईं। मंदिर में फूलों की सुगंध, धूप-दीप की लौ और घंटियों की मधुर ध्वनि से आध्यात्मिक माहौल बना।

# देश-विदेश

# बांग्लादेश में सेना का कट्टरपंथी पार्टियों को समर्थन

लोक सूचना

बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है। जिनमें जमात-ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी अंदरूनी चुनौतियों से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार



तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी जबरदस्त प्रचार कर रही है। चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है। निचले सदन में 400 सीटें और चुनाव पहले की तरह फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली से होंगे। ऊपरी सदन में 100 सीटें होंगी, जो निचले सदन के चुनाव में पार्टियों को प्राप्त वोट प्रतिशत के आधार पर तय की जाएंगी। इस पर कट्टरपंथी गठबंधन सहमत हैं, लेकिन इन 3 मुद्दों पर मुद्दों पर असहमत है। और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी जबरदस्त प्रचार कर रही है।

# म्यांमार में एक बौद्ध मठ पर हवाई हमला, 23 मौतें

लोक सूचना

म्यांमार के सागाइंग क्षेत्र में एक बौद्ध मठ पर गुरुवार देर रात हुए हवाई हमले में 23 लोगों की मौत हो गई। यह हमला लिन ता लु गांव के मठ में हुआ, जहां 150 से ज्यादा लोग आसपास के गांवों से शरण लेने आए थे। हमले में 30 लोग घायल हुए, जिनमें 10 की हालत गंभीर है।

मरने वालों में चार बच्चे भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक जेट लड़ाकू विमान ने रात लगभग 1 बजे गांव के मठ पर बम गिराए। हालांकि, ये हमला किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सेना ने घटना को लेकर अब तक कुछ नही कहा है। म्यांमार के स्वतंत्र डेमोक्रेटिक वॉयस ऑफ बर्मा ऑनलाइन मीडिया के मुताबिक मृतकों की संख्या 30 तक हो सकती है। म्यांमार में 2021 से गृहयुद्ध चल रहा है, जो फरवरी 2021 में सेना द्वारा तख्तापलट के बाद शुरू हुआ। सेना ने चुनी हुई सरकार, जिसका नेतृत्व आंग सान सू की कर रही थीं, को हटा दिया। इसके बाद देश में अशांति फैल गई। म्यांमार में गृहयुद्ध की शुरुआत 1 फरवरी, 2021 को हुए सैन्य तख्तापलट से हुई, जब सेना ने नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी की निर्वाचित सरकार को उखाड़ फेंका और आंग सान सू की सरकार के नेताओं को हिरासत में लिया।

# दामाद की शिकायत पर ससुर के घर इनकम-टैक्स का छापा

## जोधपुर में प्रॉपर्टी कारोबारी और किसान पर कार्रवाई, जमीन के सौदे में टैक्स चोरी का संदेह

लोक सूचना



**जोधपुर।** दामाद की शिकायत पर ससुर के घर आयकर विभाग(इनकम टैक्स डिपार्टमेंट) की टीम ने छापा मारा। शुक्रवार सुबह 7 बजे विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग पाल गांव और आशापूर्णा सिटी पहुंची। टीम प्रॉपर्टी कारोबारी और किसान के घर पर कार्रवाई कर रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई जोधपुर- बालोतरा हाईवे पर लूणावास गांव में 12 बीघा जमीन के सौदे से जुड़ी है। दरअसल, पूरा सौदा डीएलसी रेट के हिसाब से करीब 65 लाख रुपए में दिखाया गया, जबकि असलियत में सौदा बाजार भाव के हिसाब से करीब 6 करोड़ रुपए में होना बताया गया है। सूत्रों के अनुसार- पाल गांव निवासी नारायण सिंह पंवार ने जमीन का सौदा आशापूर्णा सिटी के प्रॉपर्टी कारोबारी जगदीश बाफना से किया था। जमीन की खरीद-फरोख्त में टैक्स चोरी का संदेह है। दोनों ठिकानों पर कुल सात गाड़ियों में विभाग की टीम पहुंची। इनमें 3 गाड़ियों में पहुंची टीम ने नारायण सिंह पंवार के पाल गांव में पाल हवेली के पीछे स्थित घर पर दबिश दी। वहीं 4 गाड़ियों में पहुंचे अधिकारियों ने जगदीश बाफना के आशापूर्णा सिटी स्थित घर पर रेड डाली। फिलहाल दोनों ही ठिकानों पर टीम मौजूद है। मौके पर कैश, दस्तावेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डेटा की भी गहनता से जांच की जा रही है। आयकर विभाग को सौदे की जानकारी एक गुप्त शिकायत से मिली थी। इसके बाद विभाग ने स्थानीय पंजीयन कार्यालय से सौदे से जुड़े दस्तावेज जुटाए और दोनों पक्षों के बैकग्राउंड की जांच की।

# सात साल से फरार तस्कर गिरफ्तार

लोक सूचना

**जोधपुर।** पुलिस रेंज की साइक्लोनर टीम ने कुख्यात इनामी तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि साइक्लोनर टीम ने मारवाड़ एवं मेवाड़ के तस्करों की मध्य प्रमुख की कड़ी को दबोचने में सफलता हासिल की है। ड्रग्स की तस्करी के मध्य प्रदेश के मुख्य कड़ी आरोपी कन्हैयालाल पुत्र मनोहरलाल ब्राह्मण निवासी नीमच को गिरफ्तार किया है। आरोपी कन्हैयालाल पर 40000 का इनाम घोषित था। आईजी विकास कुमार ने बताया कि मेवाड़ क्षेत्र के तस्करों को गिरफ्तार करने के बाद एक बड़ा लिंक मध्यप्रदेश से मिल रहा था। ऐसे में टीम ने उसके बारे में पूरी जानकारी जुटाकर उसे गिरफ्तार किया। अजय कुमार ने बताया कि कन्हैया लाल का पूरा परिवार कर्मकांडी पर उसने स्वयं पूजा पाठ छोड़ अवैध अफीम और डोडा की तस्करी को अपना पेशा बना लिया। वह आठवीं कक्षा तक पढ़ा लिखा पर व्यवहार ऐसा कि एक बार की किसी तस्कर से हाथ मिला लिया तो चाहे पुलिस हो या एनसीबी पूरा जोखिम वही उठाता था। अपने इसी व्यवहार के चलते वह मारवाड़ क्षेत्र के तस्करों का चहेता बन गया।

# बिजोलाई में हनुमानजी को लगाया रोट का भोग

लोक सूचना



**जोधपुर।** बिजोलाई बालाजी परमहंस किशनगिरी महाराज आश्रम में शुक्रवार को हनुमानजी को रोट का भोग लगाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर के महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हनुमानजी को रोट का भोग लगाया गया। उन्होंने कहा- पवन तनय बल पवन समाना, बुद्धि विवेक विज्ञान निधाना, कवन सो काज कठिन जग माही जो नहीं हुई तात तोहि पाई। यानी हनुमानजी के पास जो भी व्यक्ति सच्ची श्रद्धा के साथ जाता है उसका काम अवश्य होता है, क्योंकि धरती पर ऐसा कोई भी काम नहीं है जो उनके लिए असंभव हो। वह चिरंजीवी अजर अमर है और राम भक्तों के कार्य करते हैं। इससे पूर्व आश्रम में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर जोधपुर शहर और आसपास की जगहों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचे।

# राजस्थान में बनेंगे मॉडल इंडस्ट्रियल पार्क

## मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ बोले-औद्योगिक विकास के लिए रीको से जीरो टैक्स का संकल्प

लोक सूचना

**जोधपुर।** राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने आज जोधपुर में उद्योग विभाग एवं स्थानीय उद्यमियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राजस्थान को औद्योगिक प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कई अहम निर्णयों की घोषणा की गई। कर्नल राठौड़ ने कहा -राजस्थान में को आधार बनाकर एक नई औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की जाएगी। इससे संसाधनों का दोबारा उपयोग बढ़ेगा और उद्योगों को पर्यावरण के अनुकूल



विकास का मार्ग मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आधुनिक मॉडल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जाएंगे, जो विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगे। ये पार्क न केवल निवेश को आकर्षित करेंगे, बल्कि युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी प्रदान करेंगे। बैठक में उन्होंने एक ऐतिहासिक संकल्प की भी घोषणा करते हुए कहा -हमारा विजन है कि रीको से जीरो टैक्स लिया जाए और पूरा फंड औद्योगिक सुविधाओं के विकास में खर्च किया जाए। यह नीतिगत बदलाव राज्य के उद्योगों को और अधिक सक्षम बनाएगा। कर्नल राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में नीतिगत विषय सरकार की ज़िम्मेदारी हैं और राज्य सरकार इसके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। यह सब निर्णय राजस्थान को इज ऑफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस कदम हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया।

# सावन के पहले दिन जोधपुर में बदला मौसम

## शहर के अलग-अलग हिस्सों में मूसलाधार बारिश, गर्मी से मिली राहत

लोक सूचना



**जोधपुर।** सूर्यनगरी जोधपुर में शुक्रवार की शाम सावन मास की शुरुआत धमाकेदार रही। दिनभर बारिश का इंतजार कर रहे लोगों के लिए शाम राहत भरी खबर लेकर आई। शहर के अलग-अलग हिस्सों में शाम के समय हुई मूसलाधार बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया। वहीं दिन भर धूप और उमस की वजह से परेशान लोगों को भी राहत मिली। बता दे की जोधपुर में बीते कुछ दिनों से मौसम में हुए बदलाव के चलते उमस की वजह से लोग परेशान थे। इसके चलते लोग बारिश का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में शाम को हुई बारिश के चलते लोगों को सुकून मिला। वहीं मौसम विभाग की माने तो भारी बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि जोधपुर में बारिश के दौरान ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल जाती है। क्योंकि शहर में सड़कों पर बहने वाले पानी की निकासी का सही समाधान नहीं होने की वजह से वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है।

# सांगरिया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, नाबालिग सहित दो आरोपियों को पकड़ा, डंडा मारकर की थी हत्या

लोक सूचना

**जोधपुर।** कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। हत्याकांड में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। एक नाबालिग को भी पकड़ा है। कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीर सिंह भाटी ने बताया- 5 जुलाई को सूचना मिली थी कि संगरिया पुलिया की साइड में आनंद नगर की तरफ जाने वाले सर्विस रोड पर दुकानों के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक के सिर और चेहरे पर चोट आई थी। मौके पर एफएसएल टीम, डॉग स्क्वॉड को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतक की पहचान विजय कुमार पुत्र प्रभुराम जाट निवासी राजगढ़ चूरू के रूप में हुई।

मृतक विजय के परिजन हरिसिंह ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया- उनका भतीजा विजय कुमार ( 30) कई सालों से पैकर्स मूवर्स का काम करता था। वह वर्तमान में जोधपुर स्थित जोशी पैकर्स एंड मूवर्स के यहां काम करता था, जिसकी अज्ञात व्यक्तियों ने रंजिश या लूटपाट की बदनीयती से हथियारों से हत्या कर दी। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने टीम गठित कर सीसीटीवी, मुखबीर तंत्र के जारी कैसे की कुलथी सुलझाने में जुट गई।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी प्रकाशक मुद्रक व सम्पादक शेरुद्दीन खान लोक सूचना पब्लिकेशन, मन्नत हाउस, 539 संजय सी कॉलोनी प्रताप नगर मार्ग, जोधपुर राजस्थान से प्रकाशित व माणक ऑफसेट एम जी एच रोड जोधपुर से मुद्रित। सम्पादक शेरुद्दीन खान मोबाइल नं. 93515 90016